## दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024

# जिले में 2,577 स्थलों पर होगा होलिका दहन

- एडीजी ने बैठक में दिए सख्त निर्देश - विवाद में नपेंगे सीओ और थानेदार
- पुलिस लाइंस सभागार में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बैठक, सतर्कता के निर्देश

जागरण संवाददाता, बरेली : जिले में 2,577 स्थलों पर होलिका दहन होगा। 64 शोभायात्राएं निकलेंगी। रंगों के पर्व पर कोई भंग नहीं पड़े, इसको लेकर पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। होलिका दहन के दौरान पुलिस मौजूद होगी। इतना ही नहीं जिस रूट से शोभायात्राएं निकलेंगी। आगे पीछे पर्याप्त फोर्स के साथ पुलिसकर्मी रूफ टाप ड्यूटी कर पल-पल की स्थिति की निगरानी करेंगे। शोभायात्रा में पुलिस सादे कपडों में भी रहेगी। एडीजी जोन पीसी मीणा ने कहा कि किसी भी दशा में कही विवाद की स्थिति सामने नहीं आए, यह तय कर लें। विवाद की स्थिति पर सीधे तौर पर सीओ और थानेदार नपेंगे।

लोकसभा चुनाव के बीच होली का पर्व है। रमजान का माह भी चल रहा है। ऐसे में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर सोमवार को एडीजी जोन पीसी मीणा ने पुलिस अफसरों संग लाइंस में बैठक की। पुलिस अफसरों ने एडीजी को तैयारी के बारे में जानकारी दी। फिर एडीजी ने एक-एक थानेदारों, सीओ व एडिशनल से क्षेत्र की स्थिति व कार्रवाई के संबंध में पूछा। किला, बारादरी, फरीदपुर, बारादरी, सिरौली, अलीगंज, शाही, विशारतगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी एवं देवरनियां त्योहार के दौरान बीते साल विवाद की स्थिति बनी थी। इन सभी थानों के थानेदारों को एडीजी ने सख्त हिदायत की। एडीजी ने निर्देश दिए कि होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाए। सुनिश्चित करा लें कि कहीं कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध मुचलका पाबंद की कार्रवाई अमल में लाई जाए। किसी भी दशा में कोई नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाए। होली के दिन प्रेमनगर, किला एवं शाही क्षेत्र में निकलने वाली शोभायात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता के निर्देश दिए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के साथ इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट के तत्काल खंडन के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक शिवराज, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी दक्षिणी मानुष पारीक समेत सभी सीओ व थानेदार मौजूद रहे।



बैठक में थानेदारों से बात करते एडीजी जोन पीसी मीणा, साथ में हैं एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी दक्षिणी मानुष पारीक व अन्य • जागरण

### पाबंद लोगों में पांच नाम नहीं बता पाए थानेदार और सीओ

बैठक में एडीजी ने एक-एक से संवाद किया। थानेदारों ने शांतिपूर्ण चुनाव व त्योहार के संबंध में की गई कार्रवाई से अवगत कराया। सीओ ने भी सर्किलों का विस्तृत ब्यौरा बताया। एडीजी ने अचानक से थानेदारों व सीओ से एक सवाल दाग दिया तो सभी बगले झांकने लगे। एडीजी ने फतेहगंज पूर्वी इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी से सवाल करते हुए कहा कि आप थानाक्षेत्र में पाबंद हुए पांच लोगों के नाम बताएं? इंस्पेक्टर खड़े हुए, लेकिन जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद सभी थानेदार व सीओ पन्ने पलटने लगे। इस पर एडीजी ने कहा कि यह बिल्कुल नहीं करें। बैठक में पूरी तैयारी के साथ आए, सिर्फ कागजी आंकड़े गिनाने के लिए नहीं? इसके बाद एडीजी सख्त तेवर में आ गए। जिन थाना क्षेत्रों में त्योहार के दौरान बीते साल विवाद की स्थिति बनीं थी, संबंधित थानेदारों के भी पेंच कसे। विवाद की स्थिति पर सीधे तौर पर निलंबन की चेतावनी तक दे डाली।

# हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024

## 2577 जगहों पर होलिका दहन

**तैयारी**

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। आगामी त्योहार होली, रमजान और लोकसभा चुनाव को लेकर एडीजी पीसी मीना ने सोमवार को पुलिस लाइन में बैठक की। इस बैठक में एसएसपी सुशील घुले के अलावा सभी एडिशनल एसपी, सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे। एडीजी ने सभी त्योहारों और चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

एडीजी ने अफसरों से कहा कि जिले में 2577 होलिका दहन स्थलों का संबंधित थाना प्रभारियों के जरिये भौतिक सत्यापन कराकर जांच कराएं कि वहां कोई विवाद तो नहीं है। त्योहार रजिस्टर को देखकर क्षेत्र में लगने वाले मेलों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाए। बीट के पुलिसकर्मी खुराफातियों की पहचान कर उन्हें मुचलका पाबंद करें। कोई नई परंपरा नहीं पड़े, ध्यान रखें।

### एडीजी ने कहा, इन बिंदुओं पर भी करें काम

- त्योहारों के दृष्टिगत डायल-112 के वाहनों का रूट चार्ट एवं ड्यूटी स्थान चिन्हित कर उन्हें लगातार भ्रमणशील रखा जाए।
- अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर अंकुश लगाने हेतु आबकारी टीम के साथ मिलकर काम करें।
- रंजिशन हत्या और धार्मिक भावनाओं से जुड़े मामलों को सूचीबद्ध कर निरोधात्मक कार्यवाही की जाए।
- सनसनीखेज अपराधों में राजपत्रित अधिकारी मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।
- लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना समय से तैयार करके उसका क्रियान्वयन कराया जाए।
- लाइसेंसी असलहे जमा कराने में भी तेजी लाई जाए।

### रामबारात समेत निकलेंगे 64 जुलूस व शोभायात्रा

बताया गया कि होली पर जिले में रामबारात समेत 64 जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएंगी। ये आयोजन कोतवाली, किला, प्रेमनगर और शहरी क्षेत्रों में होंगे। जुलूस में पर्याप्त पुलिस बल लगाएं और सादा कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहें। जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर मेला स्थलों, मन्दिरों आदि पर भी सुरक्षा के प्रबन्ध किए जाएं।

### विगत वर्षों में होली के दौरान यहां हो चुके विवाद

विगत वर्षों में होली पर किला, बारादरी, फरीदपुर, बारादरी, सिरौली, अलीगंज, शाही, शिशगढ़गंज, भोजीपुरा, बहेड़ी और देवरनिया में विवाद सामने आए हैं। सम्बन्धित सीओ और थाना प्रभारी वहां का भौतिक सत्यापन कर निरोधात्मक कार्यवाही करें ताकि कोई विवाद न हो। थानों में पीस कमेटी की मीटिंग करें और सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए रखें।

# आई नेक्सट जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024

## एडीजी ने बैठक कर दिए दिशा-निर्देश



एडीजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक.

होली-रमजान और लोकसभा चुनाव को एडीजी जोन पीसी मीना ने मंडे को पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की. बैठक में एडीजी ने रमजान, होली और लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से कराने के लिए दिशा निर्देश दिए. इसके साथ ही अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के अपराधियों और खुराफातियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा गया है. एडीजी ने कहा कि बरेली में 2577 जगह होलिका दहन होना है. इससे वह प्रभारी होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें, कि वह जगह विवाद की स्थिति तो नही है. इसके साथ ही होली के मौके पर 64 शोभा यात्राएं भी निकाली जाएगी. एडीजी से कहा कि त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए. ताकि त्योहार के दौरान क्षेत्र में मेले आदि को लेकर पर्याप्त व्यवस्था की जा सके. एडीजी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि किसी भी हाल में कोई भी नही परम्परा नही पड़नी चाहिए. इसके साथ ही एडीजी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब और शस्त्र को लेकर चेकिंग अभियान चलाते रहें.

**अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024**

# हर एक घटना में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी : एडीजी



पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते एडीजी पीसी मीना।

- त्योहारों और लोकसभा चुनाव के लिए एडीजी ने की बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित सभागार में एडीजी पीसी मीना ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि हर एक छोटी या बड़ी घटनाओं पर थाना प्रभारी के साथ अधिकारी भी मौके पर जाएं। होली और रमजान के अलावा लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीजी ने कहा कि जिले में 2577 होलिका दहन स्थलों का थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है। थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर मेलों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। बीट आरक्षी और हल्का दरोगा असामाजिक तत्वों के खिलाफ जानकारी एकत्र कर मुचलका पाबंद की कार्रवाई करें। होलिका दहन को लेकर कोई नई परंपरा न पड़े। होली पर 64 जुलूस और शोभायात्रा में पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात की जाए। पुलिस कर्मियों की तैनाती के समय सादे कपड़ों में भी जुलूस में ड्यूटी लगाए जाए। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग और धर्मगुरुओं के साथ बैठक की जाए। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक, एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा समेत जिले के सभी आलाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024

# निर्वाचन, होली व रमजान के दृष्टिगत एडीजी ने दिए कड़े निर्देश

**बरेली(एसएनबी)।** एडीजी पीसी मीना द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं त्योहारों यथा-होली, रमजान, चैत्र नवरात्रि इत्यादि को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के मद्देनजर जनपदीय पुलिस अधिकारीगण की बैठक की गयी। बैठक में एडीजी पीसी मीना ने चुनाव एवं त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारीगण द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा अपील की जनपद गंगा जमुनी तहजीब के लिये माना जाता है और सभी लोग प्रबुद्ध नागरिक है। उन्होने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये।

उन्होने कहा कि पारम्परिक कार्यक्रम की अनुमति प्रदान की जाये, सामाजिक कार्यक्रमो की गरिमा को ध्यान में रखकर सम्पन्न कराया जाय महिलाओं के सम्मान का पूर्ण ध्यान रखा जायें। कही भी किसी के द्वारा त्यौहार में खलल डालने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एडीजी ने यह भी कहा कि पूर्व में यदि कही विवाद की स्थिति उत्पन्न हुयी हो या वर्तमान में कही होलिका दहन को लेकर विवाद की स्थिति हो तो सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण सुनिश्चित करायें। सोशल मीडिया के अफवाह वाले जैसे खबरो को बिना सोचे समझे न फैलाया बल्कि सम्बन्धित पुलिस को अवगत कराया जाय। उन्होने कहा कि जनपद में सभी त्यौहारो को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये वृहद स्तर पर पुलिस बल तैनात किये जायेंगे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी करने वालो पर कड़ी कार्यवही की जायेगी। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न धर्मगुरूओं, पीस कमेटी पदाधिकारीगण के साथ पीस कमेटी के सदस्यों के सुझावो को सुनकर निरस्तारण कराने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।बैठक में एसएसपी सुशील घुले, एसपी सिटी राहुल भाटी,एसपी ग्रामीण मानुष पारिक व कई अधिकारी उपस्थित रहें।

**अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 19.03.2024**

# जिले में 2577 जगह होगा होलिका दहन सतर्क रहे पुलिस

बरेली। एडीजी जोन पीसी मीना ने पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में होली और रमजान पर सुरक्षा बंदोबस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बताया कि 2577 होलिका दहन होना है। होली पर जिले में 64 जुलूस निकाले जाने हैं। चुनाव नजदीक है, इसलिए कानून व्यवस्था दुरुस्त रखनी होगी।

एडीजी ने जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों से कहा कि जिले में 2577 होलिका दहन स्थलों का संबंधित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर लें। देख लें कि कहीं विवाद की स्थिति तो नहीं है। थानों के त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लें।

क्षेत्र में लगने वाले मेलों में पर्याप्त पुलिस बल का प्रबंध कर लें। जिले में 64 जुलूस व शोभायात्रा निकाली जानी हैं। थाना शाही क्षेत्र में मेले भी लगते हैं, पुलिस फोर्स को तैनात किया जाए। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ब्यूरो

# हिन्दुस्तान जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

एडीजी ने कहा कि कोई भी नई परंपरा नहीं पड़नी चाहिए, विवादों को उच्चाधिकारी द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करवाया जाए

# होली को लेकर दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

**बैठक**



एडीजी पीसी मीना ने पुलिस लाइन सभागार में मीटिंग ली।

**शाहजहांपुर, संवाददाता।** होली आम लोगों के लिए त्योहार है, लेकिन पुलिस के लिए जहां की होली एक परीक्षा है। क्योंकि शाहजहांपुर की होली पर प्रदेश सरकार की नजर रहती है। एडीजी पीसी मीना ने पुलिस लाइन सभागार में मीटिंग की। समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्योहारों होली, रमजान माह, लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि जनपद में 2759 होलिका दहन स्थलों का संबंधित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं। थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए। वीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्व जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 के तहत कार्यवाही की जाये।

होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पड़नी चाहिये एवं 05 वर्षो से लंबित विवादों को उच्चाधिकारी द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करवा दिया जाये। निकलने वाले 24 जुलूस/शोभायात्रा एवं थाना क्षेत्र में लगने वाले मेलों को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाये। होली के दिन जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र से निकलने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस, थाना आरसी मिशन क्षेत्र से निकलने वाले छोटे लाट साहब के जुलूस एवं थाना सदर बाजार क्षेत्र निकलने वाले होरीलाल/अशर्फीलाल जुलूस के आगे व पीछे पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाये। जुलूस मार्ग में छतों पर भी ड्यूटी लगाने के साथ-साथ सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगायी जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाए। अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर अकुंश लगाने के लिए आबकारी टीम के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## वर्ष 2019 में मिर्जापुर में हुआ था विवाद

एडीजी ने वर्ष 2019 जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर के ग्राम किलापुर खुर्द में विवाद की स्थिति उत्पन्न हुयी थी, जिसके दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी जलालाबाद एवं प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर को मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करने के उपरान्त आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

## असलाह जमा कराने की कार्रवाई करें तेज

जनपद शाहजहॉपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 आगामी 13.05.2024 (चतुर्थ चरण) को प्रस्तावित है, जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाये। लाइसेन्सी असलाह का सत्यापन कराकर जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाते हुये शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराये जाये।

## प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश

एडीजी ने रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओ से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये। सनसनीखेज अपराधों( हत्या, लूट एवं डकैती) की घटनाओ पर राजपत्रित अधिकारीगण तत्काल मौके पर पहुंच तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित करें।

## सोशल मीडिया पर रखी जाए नजर

होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। डायल-112 के वाहनों का रूट चार्ट एवं उनकी ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये।

## होली के त्योहार पर जिले चलाई गई नई ट्रेन

**शाहजहांपुर।** होली पर भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली से सीतामढ़ी तक नई ट्रेन शुरू की है, यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी। गाड़ी संख्या 04003/4 नई दिल्ली से चलकर सीतामढ़ी बिहार को जाने वाली गाड़ी मंगलवार को दिल्ली से चलेगी तथा मुरादाबाद होते हुए शाहजहांपुर तथा सीतापुर होते हुए सीतामढ़ी जायेगी। वही दूसरी ओर सीतामढ़ी से गाड़ी शुक्रवार तथा मंगलवार को चलकर दिल्ली तक जाएगी। इस गाड़ी में एसी कोच एक, स्लीपर कोच 18 तथा जनरल कोच 2 लगाए गए हैं।

## होली के त्योहार पर ट्रेनों में लंबी वेटिंग

**शाहजहांपुर।** होली के त्योहार पर ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। ऐसे में होली पर घर जाने वाली यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। नई दिल्ली से चलकर लखनऊ को जाने वाली गाड़ी में स्लीपर में 17 तथा एसी में 7 वेटिंग है। किशनगंज से चलकर अजमेर को जाने वाली एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट फूल हो गई । डिब्रूगढ़ से चलकर लालगढ़ को जाने वाली गाड़ी के स्लीपर में 44 तथा एसी ने 4 वेटिंग है। वहीं बापूधाम एक्सप्रेस के स्लीपर में 71 तथा एसी में 47 वेटिंग चल रही है।

# अमर उजाला जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

## परंपरा के अनुसार निकलें जुलूस, बिगड़ने नहीं पाए कानून व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

### एडीजी पीसी मीना ने पुलिस लाइन में बैठक को लेकर दिए दिशा-निर्देश

### त्योहार, रमजान व लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की भी समीक्षा की

शाहजहांपुर। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना ने सोमवार को होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस, रमजान व लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परंपरा के अनुसार जुलूस निकलवाने और शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया। एडीजी ने चेताया कि गड़बड़ी करने वालों को पाबंद कर कार्रवाई की जाए।

पुलिस लाइंस सभागार में आए एडीजी पीसी मीना का एसपी अशोक कुमार मीणा ने स्वागत किया। इसके बाद सभागार में बैठक में एडीजी ने राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों की बैठक को सम्बोधित किया।




पुलिस लाइंस में बैठक को संबोधित करते एडीजी पीसी मीना। स्रोत : पुलिस

उन्होंने सबसे पहले होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों में सौहार्द कायम रखना आवश्यक है। होलिका दहन स्थलों का थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर लें। विवाद की स्थिति होने पर दोनों पक्षों से वार्ता कर निस्तारण कराया जाए। बीट आरक्षी व हल्का दरोगा से असामाजिक तत्वों की जानकारी एकत्रित कर उनके खिलाफ धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 के तहत कार्रवाई करें। होलिका दहन को लेकर कोई नई परंपरा नहीं पड़े।

पांच वर्ष से अधिक लंबित विवादों का अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण कर लें। हत्या, लूट, डकैती की घटना पर राजपत्रित अधिकारी खुद मौके पर जाकर कार्रवाई करें। रमजान व होली पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट का खंडन किया जाए। इसके लिए सोशल मीडिया सेल मॉनीटरिंग करती रहे। एसपी अशोक कुमार मीणा ने तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

# अमृत विचार जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

# होलिका दहन पर न डालें नई परंपरा




थाना प्रभारियों की मीटिंग लेते एडीजी पीसी मीना, साथ में एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बरेली जोन बरेली के अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना ने कहा होलिका दहन को लेकर कोई नई परंपरा नहीं पड़नी चाहिए।

असामाजिक तत्वों को पाबंद किया जाए। पुलिस लाइन में सोमवार को होली के पर्व को लेकर आयोजित सीओ व थाना प्रभारियों की मीटिंग में अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना ने निर्देश देते हुए कहा कि थाना प्रभारी होलिका दहन स्थलों का पहले से भौतिक सत्यापन कर लें और प्रत्येक होलिका दहन पर सिपाही व होमगार्ड की ड्यूटी लगाए। त्योहार रजिस्टर अवलोकन कर होली मेले में पर्याप्त पुलिस, जुलूस का पहले से रूट का निरीक्षण कर ले और पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगाया जाए।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में गश्त की जाए और छोटी सी छोटी घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने रंजिशन हत्या व धार्मिक भावनाओं से जुड़े मामले में पहले से निरोधात्मक कार्रवाई कर ली जाए। सनसनीखेज अपराध पर सीओ और प्रभारी निरीक्षक तुरंत मौके पर पहुंचेंगे।

होली और रमजान को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई की जाए। 112 के वाहनों का रूट चार्ट एवं कर्मचारियों की ड्यूटी का पहले से स्थान चिन्हित कर ले। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर शस्त्र लाइसेंस जमा कराना शुरू किए जाए। पूर्व में एडीजी पीसी मीना को एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुष्प देकर सम्मानित किया तथा सलामी दी गई। मीटिंग में एएसपी, सीओ तथा थाना प्रभारी मौजूद रहे।

- **असामाजिक तत्वों को करें पाबंद, एडीजी ने थाना प्रभारियों की ली मीटिंग**

## सीओ सिटी ने जुलूस का मार्ग देखा

**शाहजहांपुर।** सीओ सिटी सौम्या पांडेय ने बड़े लाट साहब और छोटे लाट साहब के जुलूस के मार्ग को देखा। चौक कोतवाली से निकलने वाले जुलूस को चारखंभा, केरूगंज, अंटा चौराहा, सदर बाजार चौराहा, पंखी चौराहा, बहादुरगंज, घंटाघर, कच्चा कटरा मोड़ और सरौदी बंगले तक देखा। उन्होंने बेरीकेडिंग वाले स्थान को भी चिन्हित किया। दोनों थाना प्रभारी रवींद्र सिंह व राजीव तोमर से जुलूस के बारे में जानकारी की। उन्होंने थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिए।

## अर्द्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाहजहांपुर।** आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अर्द्धसैनिक बल, पीएसी जवानों के साथ गढ़िया रंगीन, मदनापुर पुलिस ने प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़-भाड़ स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण त्योहारों के प्रति आश्वस्त किया गया।

दैनिक जागरण जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

# पांच वर्षों से लंबित विवादों का कराएं निस्तारण

- होली व लोकसभा चुनाव को लेकर एडीजी जोन ने ली समीक्षा बैठक
- कहा-वर्ष 2019 में कीलापुर खुर्द में हुए विवाद का हो दोबारा सत्यापन




पुलिस लाइंस में बैठक लेते एडीजी जोन पीसी मीना, साथ में एसपी अशोक कुमार मीणा व अन्य अधिकारी● सौजन्य से पुलिस विभाग

जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर : होली व लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को एडीजी बरेली जोन पीसी मीना ने पुलिस लाइंस में समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से चले आ रहे जिन विवादों का अभी तक निस्तारण नहीं हुआ हैं, उनका निस्तारण कराने के लिए कम से कम सीओ स्तर के अधिकारी को मौके पर जाकर निस्तारण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मिर्जापुर के कीलापुर खुर्द में विवाद हो गया था। उन्होंने सीओ जलालाबाद को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर मौजूदा स्थिति को देखें, ताकि दोबारा किसी तरह विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। एडीजी ने कहा कि जिले में 2,759 स्थानों पर होलिका दहन होता है। सभी थाना प्रभारियों को चाहिए कि समय-समय पर सत्यापन किया जाए, ताकि कोई नई परंपरा न पड़े। होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस के आगे व पीछे पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि किसी तरह की विवाद की स्थिति न बनें। एसपी अशोक कुमार मीणा को निर्देश दिए कि रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर ठीक से समीक्षा की जाए। अवैध शराब व शस्त्रों की बिक्री करने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एएसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, सीओ पुवायां पंकज पंत, तिलहर प्रयांक जैन, सीओ ज्योति यादव आदि मौजूद रहे।


## आई नेक्सट जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

# रमजान व होली ने बढ़ाई पुलिस की चुनौती, ADG ने दिए कड़े निर्देश।

## पुलिस अधीक्षक ने एडीजी का पुष्प देकर किया स्वागत।

### लाइसेंसी असलाहों का सत्यापन करा कार्रवाई में लाए तेजी, एडीजी पीसी मीना।

**शाहजहांपुर।** एडीजी जोन पीसी मीना ने शाहजहांपुर पुलिस लाइन पहुंचकर बैठक की। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर आगामी होली और रमजान पर्व एवं लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बंदोबस्त दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए। एडीजी पीसी मीना का एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुष्प देकर स्वागत किया।एडीजी पीसी मीना ने निर्देश दिए कि होलिका दहन स्थलों पर सभी संबंधित प्रभारी भौतिक सत्यापन कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है। इस दौरान पीसी मीना ने होली पर्व पर शाहजहांपुर में निकालने वाले लाट साहब के जुलूस में चर्चा करते हुए भारी पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में नई परंपरा नहीं पड़नी चाहिए। होली पर निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा एवं शाही थाना क्षेत्र में लगने वाले मेलों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाए। आगामी पर्व व त्यौहार पर्व पर शांति भंग करने बालों पर थाना पुलिस द्वारा सीआरपीसी धारा 107/116 की प्रभावी कार्रवाई की जाए। त्योहार पर निकलने वाले जुलूस व शोभायात्रा के मार्गों का पूर्व में निरीक्षण कर लिया जाए। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में





पुष्प भेंट कर एडीजी का स्वागत करते अशोक कुमार मीणा

प्रभावी गश्त की जाए। शांति व्यवस्था बनाने रखने के लिए पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर ली जाए। उन्होंने कहा कि होली एवं रमजान माह के दौरान सोशल मीडिया भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्टों का तत्काल खंडन किया जाए। सोशल मीडिया सेल से इसकी लगातार निगरानी कराई जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी सहित सभी क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

## मनीष शर्मा बने किसान मोर्चा जिला के महामंत्री

टीआर. राहुल कुमार मंदोला
प्रियांशी विचारधारा



**नारनौल।** किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने आज अपने संगठन किसान मोर्चा की घोषणा की। जिसमें मनीष शर्मा सुरानी को जिले का महामंत्री बनाया गया। राकेश भीलवाड़ा को बाछोद मंडल, साहिल यादव बजाड़ को अटेली का, उपेंद्र को भोजावास मंडल, शक्ति पोता को कनीना मंडल का अध्यक्ष बनाया। जिला कार्यकारिणी में अजीत कांटी, जितेंद्र नीरपुर राजपूत, कृष्ण नावदी, रोहतास मिजार्पुर, अमरजीत रामबास आदि भाजपा कार्यकताओं को नई जिम्मेवारी दी किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांडी व जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल जिला अध्यक्ष दयाराम यादव का आभार जताया किसान मोर्चा के लिए सभी पदाधिकारी अपनी नवीनतम दायित्व को बखूबी निभाएंगे

## राष्ट्रीय सहारा जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

# त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करें : एडीजी

**होली, रमजान व लोस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक**

**शाहजहांपुर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन पीसी मीना द्वारा जनपद में समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्योहारों होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली श्री पीसी मीना का आगमन पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा सलामी गारद द्वारा सलामी दी गयी। अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारो होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जनपद में होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है यदि किसी भी स्थान पर विवाद की स्थिति हो तो संबंधित पक्षों से वार्ता कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराए। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मैली आदि पर



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को सम्बोधित करते अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना।

पर्याप्त पुलिस बल प्रबंध किया जाये। बीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी वा धारा 107/116 द0 प्र0सं0 के अर्न्तगत प्रभावी कार्यवाही की जाये। होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पड़नी चाहिये एवं 5 वर्षों से लम्बित विवादों को उच्चाधिकारी गण द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करा दिया जाये।

होली के त्यौहार पर निकलने वाली जुलूस शोभायात्रा एवं मेलों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाय। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा धार्मिक स्थलों आदि का ध्यान रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करते हुए सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये तथा विवाद कि छोटी से छोटी घटना पर सर्तक ष्टि रखते हुए उचित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराया।

रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये। शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग कर ली जाये। सनसनीखेज अपराधों (हत्या, लूट एवं डकैती की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारीगण तत्काल मौके पर पंहुचे तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित।

होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाय। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मनिटरिंग की जाये। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत डायल-112 के वाहनों का रुट चार्ट एवं उनकी ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये तथा उनको लगातार भ्रमणशील रखा जाय।

होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब बनाने बेचने वाले पर अकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव- 2024 आगामी 13 मई (चतुर्थ चरण) को प्रस्तावित है जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुरतर आवश्यक कार्यवाही की जाये।लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 के दृष्टिगत लाइसेन्सी असलाह का सत्यापन कराकर जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाते हुये शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराये जाये।

## शेखर टाइम्स जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

# होली पर मिश्रित आबादी में गश्त कर छोटी घटना पर सतर्क रहें

### एडीजी जोन ने यहां पहुंचकर बड़े-छोटे लाट साहब जुलूस के रूट का निरीक्षण किया

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** एडीजी बरेली जोन पी0सी0 मीना ने राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों के साथ त्यौहारों होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। लाट साहब जुलूस को लेकर रूट चार्ट देखकर निर्देशित किया। एडीजी के जनपद आगमन पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने स्वागत किया। सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी।

एडीजी ने कहा कि होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन करें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है यदि किसी भी स्थान पर विवाद की स्थिति में सभी संबंधित पक्षों से वार्ता कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराएं। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मेलों आदि पर पर्याप्त पुलिस बल प्रबंध किया जाये। बीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि सनसनीखेज अपराधों, हत्या, लूट एवं डकैती की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारी तत्काल मौके पर पंहुचे तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करें। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत डायल.112 के वाहनों का रुट चार्ट एवं उनकी ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये तथा उनको लगातार भ्रमणशील रखा जाये।



• पुलिस लाइन में लाट साहब जुलूस के चार्ट का अवलोकन करते एडीजी जोन पीसी मीना

### होली को लेकर निर्देश

- होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पड़नी चाहिये ।
- 5 वर्षों से लम्बित विवादों को उच्चाधिकारी द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करा दिया जाये।
- होली के त्यौहार पर निकलने वाली लाट साहब जुलूस एवं मेलों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाये।
- त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाये ।
- धार्मिक स्थलों आदि का ध्यान रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करते हुए सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये।
- मिश्रित आबादी में प्रभावी गश्त की जाये तथा विवाद कि छोटी से छोटी घटना पर सर्तक दृष्टि रखें।
- रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर निरोधात्मक कार्यवाही करें।

### लोकसभा चुनाव पर आदेश

- 27 लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव शाहजहांपुर में 13 मई चतुर्थ चरण को प्रस्तावित है जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। वहीं लाइसेन्सी असलाह का सत्यापन कराकर जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाते हुये शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराये जाये।

# दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.3.24

## अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन द्वारा राजपत्रित अधिकारीगण,थाना प्रभारियों के साथ की समीक्षा कर दिये निर्देश

प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर
दैनिक अयोध्या टाइम्स समाचार पत्र
खबर शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। आज पी.सी. मीना अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन द्वारा जनपद शाहजहाँपुर में समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारो होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव–2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आज पी0सी0 मीना, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली का जनपद शाहजहाँपुर में आगमन पर अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया तथा सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी।

तत्पश्चात पी०सी० मीना, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली एवं अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन जनपद शाहजहाँपुर में स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारो होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव–2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

जैसे जनपद में होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है यदि किसी भी स्थान पर विवाद की स्थिति में सभी संबंधित पक्षों से वार्ता कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराएं।थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मेलों आदि पर पर्याप्त पुलिस बल प्रबंध किया जाये।बीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाये।

होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पड़नी चाहिये एवं 05 वर्षों से लम्बित विवादों को उच्चाधिकारी गण द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करा दिया जाये।

होली के त्यौहार पर जनपद में निकलने वाली जुलूस शोभायात्रा एवं मेलों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाये।त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व मे ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा धार्मिक स्थलों आदि का ध्यान रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करते हुए सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों मे प्रभावी गश्त की जाये तथा विवाद कि छोटी से छोटी घटना पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उचित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराया जाए

रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये।शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग कर ली जाये।सनसनीखेज अपराधों (हत्या, लूट एवं डकैती) की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारीगण तत्काल मौके पर पहुंचे तथा गुण–दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित करें।

होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये।

होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत डायल–112 के वाहनों का रूट चार्ट एवं उनकी ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये तथा उनको लगातार भ्रमणशील रखा जाय। 13– होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब बनाने/बेचने वाले पर अकुंश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव–2024 आगामी 13.05.2024 (चतुर्थ चरण) को प्रस्तावित है जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये।लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव–2024 के दृष्टिगत लाइसेन्सी असलाह का सत्यापन कराकर जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाते हुये शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराये जाये।





दैनिक भास्कर जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
19 Mar 2024 - DB Lucknow 19 March 202415

# रमजान व होली ने बढ़ाई पुलिस की चुनौती, एडीजी ने दिए कड़े निर्देश

भास्कर ब्यूरो



**शाहजहांपुर।** एडीजी जोन पीसी मीना ने शाहजहांपुर पुलिस लाइन पहुंचकर बैठक की। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर आगामी होली और रमजान पर्व एवं लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बंदोबस्त दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए। एडीजी पीसी मीना का एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुष्प देकर स्वागत किया।एडीजी पीसी मीना ने निर्देश दिए कि होलिका दहन स्थलों पर सभी संबंधित प्रभारी भौतिक सत्यापन कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं है। इस दौरान पीसी मीना ने होली पर्व पर शाहजहांपुर में निकालने वाले लाट साहब के जुलूस में चर्चा करते हुए भारी पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में नई परंपरा नहीं पड़नी चाहिए। होली पर निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा एवं शाही थाना क्षेत्र में लगने वाले मेलों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाए। आगामी पर्व व त्यौहार पर्व पर शांति भंग करने बालों पर थाना पुलिस द्वारा सीआरपीसी धारा 107/116 की प्रभावी कार्रवाई की जाए। त्योहार पर निकलने वाले जुलूस व शोभायात्रा के मार्गों का पूर्व में निरीक्षण कर लिया जाए। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में प्रभावी गश्त की जाए। शांति व्यवस्था बनाने रखने के लिए पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर ली जाए। उन्होंने कहा कि होली एवं रमजान माह के दौरान सोशल मीडिया भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्टों का तत्काल खंडन किया जाए। सोशल मीडिया सेल से इसकी लगातार निगरानी कराई जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी सहित सभी क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

# युवा हस्ताक्षर जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 19.03.2024

## अपर पुलिस महानिदेशक ने आगामी त्यौहारों लोकसभा चुनाव संबंधित बैठक कर दिए सख्त निर्देश








युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

**शाहजहाँपुर।** पी0सी0 मीना, अपर पुलिस महानिदेशक,बरेली जोन द्वारा जनपद में समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारों होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये पी0सी0 मीना, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली का जनपद में आगमन पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया तथा सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी तत्पश्चात पी0सी0 मीना, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली एवं अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण/थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारो होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नही है यदि किसी भी स्थान पर विवाद की स्थिति में सभी संबंधित पक्षों से वार्ता कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराएं। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मेंलों आदि पर पर्याप्त पुलिस बल प्रबंध किया जाये। बीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्व जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 द0प्र0सं0 के अर्न्तगत प्रभावी कार्यवाही की जाये। होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पड़नी चाहिये एवं 05 वर्षो से लम्बित विवादों को उच्चाधिकारी गण द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करा दिया जाये। होली के त्यौहार पर जनपद शाहजहाँपुर में निकलने वाली जुलूस/शोभायात्रा एवं मेलों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाये। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व मे ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा धार्मिक स्थलों आदि का ध्यान रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करते हुए सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये तथा विवाद कि छोटी से छोटी घटना पर सर्तक दृष्टि रखते हुए उचित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए विवाद का निस्तारण कराया जाए। रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये। शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग कर ली जाये। सनसनीखेज अपराधों (हत्या, लूट एवं डकैती) की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारीगण तत्काल मौके पर पंहुचे तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित करें। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत डायल-112 के वाहनों का रुट चार्ट एवं उनकी ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये तथा उनको लगातार भ्रमणशील रखा जाये। होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब बनाने/बेचने वाले पर अकुंश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। शाहजहाँपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव- 2024 आगामी 13 मई (चतुर्थ चरण) को प्रस्तावित है जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 के दृष्टिगत लाइसेन्सी असलाह का सत्यापन कराकर जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाते हुये शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराये जाये।

## अर्ली मॉर्निंग जनपद बिजनौर दिनॉक 19.03.2024

# शाहजहाँपुर पहुँच एडीजी पी.सी मीना ने आगामी त्यौहारों होली,रमजान व लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की गोष्ठी







**अर्ली मॉर्निंग ब्यूरो**

**शाहजहाँपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन पी.सी. मीना ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ आगामी त्यौहारो होली एवं रमजान माह तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जो कि निम्नवत है। सोमवार को एडीजी बरेली जोन पी.सी. मीना ने 2759 होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नही है। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मेंलों आदि पर पर्याप्त पुलिस बल का प्रवंध किया जाये। वीट आरक्षी व हल्का उपनिरीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्व जानकारी एकत्र कर समय रहते ही धारा 151 सीआरपीसी या धारा 107/116 द0प्र0स0 के अर्न्तगत कार्यवाही की जाये। होलिका दहन को लेकर किसी भी थाना क्षेत्र में कोई नई परम्परा नहीं पडनी चाहिये एवं 05 वर्षो से लम्बित विवादों को उच्चाधिकारी गण द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करवा दिया जाये। होली के त्यौहार पर जनपद शाहजहॉपुर में निकलने वाली 24 जुलूसध्शोभायात्रा एवं थाना शाही क्षेत्रान्तर्गत लगने वाले मेलों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस फोर्स तैनात किया जाये। होली के दिन जनपद शाहजहॉपुर के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस, थाना आरसी मिशन क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले छोटे लाट साहब के जुलूस एवं थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले होरीलालध्अशर्फीलाल जुलूस के आगे व पीछे पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाये तथा जुलूस मार्ग में छतों पर भी ड्यूटी लगाने के साथ-साथ सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगायी जाये। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा त्यौहारों पर लगने वाले मेला स्थलों, मन्दिरों आदि पर भी सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये। रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये। शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरूओं के साथ मीटिंग कर ली जाये। सनसनीखेज अपराधों(हत्या, लूट एवं डकैती) की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारीगण तत्काल मौके पर पहुँचे तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित करें। होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये।